प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा– तकनीक व कौशल के क्षेत्र में स्वरोज़गार की अपार संभावनाएं मौजूद।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने मॉडल सैंट्रल जेल कंडा में व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा– सांसद निधि से 5 लाख रूपये देने की घोषणा।
- प्रदेश में बढ़ रही नशे की प्रवृति से फैल रहा एच.आई.वी. संक्रमण– इस वर्ष सितंबर तक 4 सौ 4 नए मामलों की पुष्टि।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज डीसी–एसपी सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने हमीरपुर, मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, सिरमौर, शिमला और सोलन जिलों के अधिकारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने सभी उपायुक्तों को उपमंडल स्तर पर राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करने और इस वर्ष 31 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए आईजी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एक विंग बनाने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से बचाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने सभी उपायुक्तों को एफसीए क्लीयरेंस मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को समय पर विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को अपने–अपने ज़िलों में खाली पड़े सरकारी भवनों की पहचान करने और वर्तमान में किराए के भवनों में चल रहे सरकारी कार्यालयों को खाली भवनों में स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि तकनीक और कौशल के क्षेत्र में स्वरोज़गार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िला के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को विस्तार देने और इसे समय के अनुरूप बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि तकनीक और कौशल पर ही देश व प्रदेश की प्रगति निर्भर है और तकनीकी शिक्षा व कौशल कार्यों से जुड़े युवाओं के लिए वर्तमान समय में स्वर्णिम अवसर है। इस दौरान राजेश धर्माणी ने मेधावी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि भारत धार्मिक व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से प्रेरित देश है, जहां एक सौ 40 करोड़ देशवासी अलग–अलग धर्म व संस्कृति के बावजूद एक परिवार और समुदाय के रूप में रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के समापन अवसर पर आज उन्होंने ये बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी से लैस एक आधुनिक राष्ट्र है, जिसकी टैक्नोलॉजी की मिसाल दुनियाभर में दी जाती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भी इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है और प्रदेश विधानसभा के ई–विधान मॉडल की देश–विदेश में प्रशंसा की जाती है। सम्मेलन के अंतिम दिन के विषय भेदभावपूर्ण कानून का मुकाबला– लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ सक्रियता के 3 सौ 65 दिन पर बोलते हुए कुलदीप पठानिया ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा मानवाधिकारों का व्यापक उल्लंघन है।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना ज़िले के राजकीय डिग्री कॉलेज खड्ड का नामकरण गांव के प्रख्यात समाजसेवी व पूर्व विधायक स्वर्गीय मोहन लाल दत्त के नाम पर करने की घोषणा की है। कॉलेज के वार्षिक समारोह में आज बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि 60 के दशक में गगरेट–चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक रहे मोहन लाल दत्त का योगदान क्षेत्रवासी सदैव याद रखेंगे। उप–मुख्यमंत्री ने कॉलेज में आगामी अकादमिक सत्र से साईंस, फिजिकल एजुकेशन और संगीत की कक्षाएं शुरू करने की भी घोषणा की।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री सिकंदर कुमार ने आज शिमला के समीप मॉडल सैंट्रल जेल कंडा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कैदियों से बातचीत की और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की खरीददारी की। सिकंदर कुमार ने बताया कि कैदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता बेहतरीन है। राज्यसभा सांसद ने जेल प्रशासन द्वारा

कैदियों के लिए की गई व्यवस्था व प्रबंधों पर संतोष जताया। सिकंदर कुमार ने सांसद निधि से कंडा जेल के लिए 5 लाख रूपये देने की घोषणा भी की।

<u>एचआईवी संक्रमण</u>

प्रदेश में बढ़ रही नशे की प्रवति अब एच.आई.वी. संक्रमण फैलने का कारण बन रही है। शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय एड्स नियंत्रण जागरूकता कार्यशाला में एड्स कंट्रोल सोसायटी के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नए एच.आई.वी. मामलों में पाया गया है कि सामूहिक रूप से नशे में इस्तेमाल हो रही संक्रमित सुईयों से युवाओं में एच.आई.वी. संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। राजीव कुमार ने बताया कि इस वर्ष सितंबर माह तक कुल 4 सौ 4 नए मामले पाए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 50 अधिक हैं।

<u>जगत सिंह नेगी</u>

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िले में लंबित पड़े विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज रिकांगपिओ में लोक निर्माण विभाग के करच्छम मंडल के अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने सभी क्षतिग्रस्त सड़कों व संपर्क मार्गों को समयबद्ध दुरूस्त करने के निर्देश दिए ताकि सर्दियों के मौसम में लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने नाथपा, निगुलसरी और पागलनाला सहित ज़िले के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में मशीनरी व श्रमिक उपलब्ध रखने को भी कहा, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में इन सड़कों को समय पर खोला जा सके।

<u>चंद्र कुमार</u>

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िला के ज्वाली में सभी विभागीय अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान ये बात कही। चंद्र कुमार ने कहा कि समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक कल्याणकारी नीतियां और फ्लैगशिप कार्यक्रम शुरू किए हैं।

<u>शिक्षा मंत्री</u>

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में नावर क्षेत्र के पुजारली में 98 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले पशु औषधालय भवन की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले करीब 2 वर्षों के दौरान नावर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। बाद में शिक्षा मंत्री ने शरौंथा में विधायक प्राथमिकता के तहत 7 करोड़ 50 लाख रूपये से स्तरोन्नत होने वाली शरौंथा–कराली–कलगाओं टीर सड़क का भूमि पूजन भी किया।

यादविंदर गोमा

आयुष, युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने आज पंचरूखी स्थित अपने निवास स्थान पर ऊना ज़िले से संबंध रखने वाले पेरिस पैरालंपिक 2024 रजत पदक विजेता निषाद कुमार को सम्मानित किया। गोमा ने कहा कि निषाद कुमार ने हिमाचल का नाम पूरे विश्व में रौशन किया है जो हर प्रदेशवासी के लिए गर्व की बात है।

भाजपा

शिमला जिला भाजपा की बैठक का आज शिमला स्थित पार्टी कार्यालय दीपकमल में जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है तब से जनता पर नए–नए टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है। सत्ती ने बताया कि प्रदेश सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं है और यह सरकार बिल्कुल फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल अपनी सुंदरता और ईमानदारी के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है, लेकिन कांग्रेस सरकार ने देशभर में हिमाचल की किरकरी कर दी है।

''मुख्य समाचार एक बार फिर'

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा– तकनीक व कौशल के क्षेत्र में स्वरोज़गार की अपार संभावनाएं मौजूद।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने मॉडल सैंट्रल जेल कंडा में व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा– सांसद निधि से 5 लाख रूपये देने की घोषणा।

- प्रदेश में बढ़ रही नशे की प्रवृति से फैल रहा एच.आई.वी. संक्रमण– इस वर्ष सितंबर तक 4 सौ 4 नए मामलों की पुष्टि।

.....................................................................................................................